राष्ट्रीय
सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना
■ कानपुर ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

नई दिल्ली

मंगलवार ● 3 जनवरी ● 2017

16 पृष्ठ, मूल्य ₹ 3.50

नर्सरी एडमिशन 2017

■ राकेश नाथ

नई दिल्ली। एसएनबी

राजधानी में निजी जमीन पर बने गैर सहायता प्राप्त पब्लिक स्कूलों में नर्सरी दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो गई। अभिभावक अपने नौनिहालों के नर्सरी में दाखिले के लिए आवेदन करने घर से निकले और पड़ोस के स्कूल में गए लेकिन वहां कई स्कूलों ने कहा कि उनके यहां दाखिले अभी शुरू ही नहीं हुए हैं। जबकि कुछ स्कूलों में फॉर्म मिले तो दूसरे ने कहा ऑनलाइन आवेदन करो। लिहाजा दिल्ली सरकार द्वारा नर्सरी स्कूलों में बंटवारे ने इस बार दाखिले प्रक्रिया को मुश्किल कर दिया है। अभिभावक पहले दिन सोमवार को एक स्कूल से दूसरे स्कूल के चक्कर काटते रहे और परेशान हुए। जिन स्कूलों में अभिभावकों को फॉर्म मिले या जहां ऑनलाइन आवेदन किए जाने की जानकारी मिली तो उन्हें थोड़ी राहत मिली।

शिक्षा निदेशालय द्वारा इस बार नर्सरी दाखिले के लिए दो तरह का फॉर्मूला अपनाया गया है जिसके तहत सरकारी जमीन पर बने और निजी जमीन वाले स्कूलों के लिए अलग-अलग गाइडलाइंस बनाई गई हैं। निजी जमीन वाले स्कूलों को बीते साल के 100 प्वाइंट्स वाले फॉर्मूले के तहत सोमवार से दाखिला प्रक्रिया शुरू करने को कहा दिया गया, जबकि सरकारी जमीन वाले वे स्कूल जिसमें सबसे ज्यादा दाखिले के लिए मारामारी रहती है, उनकी गाइडलाइंस ही जारी नहीं की गई है। कुछ इलाकों में डीडीए लैंड वाले स्कूल ही ज्यादा हैं। पीतमपुरा स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल, एमीजे पब्लिक स्कूल व एमएम पब्लिक व एसडी पब्लिक स्कूल आदि में दाखिला प्रक्रिया शुरू नहीं हुई है। अभिभावकों को यह जानकारी नहीं है कि कौन-सा स्कूल सरकारी जमीन या कौन-सा निजी जमीन वाला है। इस जानकारी के अभाव में अभिभावक ने हर स्कूल का दरवाजा खटखटाया।

शालीमार बाग स्थित प्रभु दयाल पब्लिक स्कूल और कुलाची हंसराज पब्लिक स्कूल जैसे स्कूल जहां सबसे ज्यादा दाखिले के लिए मारामारी रहती है, वहां अभिभावकों को आवेदन फॉर्म नहीं मिल पाए। वहीं मॉडर्न पब्लिक स्कूल में इस बार नर्सरी दाखिले का आवेदन पूरी तरह से ऑनलाइन कर दिया गया है। इसी प्रकार जसपाल कौर और बक्शी स्कूल में भी नर्सरी दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई। पीतमपुरा स्थित एमीजे पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य डीके बेदी ने कहा कि अभी उनके स्कूल की गाइडलाइंस नहीं आई है, इस कारण नर्सरी दाखिले शुरू नहीं किए गए, लेकिन सोमवार को एक हजार से ज्यादा लोग दाखिले को लेकर स्कूल आए या फिर फोन से पता किया। वहीं यहां के एमएम पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्य रूमा पाठक ने बताया कि उनके यहां भी कई अभिभावकों ने दाखिले के बारे में पता किया।

इसी प्रकार पंजाबी बाग स्थित एमजी जिंदल पब्लिक स्कूल में नर्सरी दाखिले की आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। स्कूल में पहले दिन अभिभावकों को फॉर्म दिए गए।